# ओवरऑल इंटर रिजल्ट में लड़कों ने मारी बाजी, कॉमर्स में लातेहार टॉप पर

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** इस बार कॉमर्स में लातेहार सबसे नंबर वन है, यहां सर्वाधिक बच्चे सफल हुए हैं और सबसे निचले पायदान पर साहिबगंज रहा है। साइंस में कोडरमा सबसे नंबर वन पर रहा जहां 91% बच्चे सफल रहे। दूसरे नंबर पर लातेहार रहा। खूंटी में सबसे कम साइंस में विद्यार्थी सफल हुए हैं। आर्ट्स में सिमडेगा सबसे आगे रहा जबकि इस साल पलामू का परफॉर्मेंस सबसे खराब रहा। साइंस में ओवरऑल लड़कियों ने बाजी मारी है। ओवरऑल इंटर रिजल्ट में लड़कों ने बाजी मारी है।

**उर्सलाइन रांची के विद्यार्थी का रहा जलवा :** जैक अध्यक्ष अनिल कुमार महतो ने इस साल के इंटर रिजल्ट को जारी करते हुए इसमें सफल हुए छात्रों को बधाई दी है। उन्होंने कहा कि रांची के उर्सलाइन इंटर कॉलेज के विद्यार्थियों ने बेहतरीन परफॉर्मेंस कर विभिन्न संकायों में प्रथम टॉप थ्री में स्थान बनाया है। इधर उर्सलाइन इंटर कॉलेज की प्राचार्य मेरी ग्रेस ने खुशी जताते हुए विद्यार्थियों को बधाई दी है। उन्होंने कहा कि बच्चों की इस सफलता के पीछे का वजह नियमित क्लास और शिक्षकों की देखरेख है।

**कॉमर्स के पांच टॉप जिले** : लातेहार, कोडरमा, सिमडेगा, पाकुड़ और खूंटी।

**साइंस के टॉप पांच जिले** : कोडरमा, लातेहार, चतरा, जामताड़ा और हजारीबाग।

**आर्ट्स के टॉप पांच जिले** : सिमडेगा, खूंटी, कोडरमा, गुमला और हजारीबाग।

**जैक 12वीं बोर्ड में कुल 3,44,000 छात्र हुए शामिल**

साइंस : टोटल स्टूडेंट - 94433

पास - 68203

फर्स्ट डिविजन - 72.70%

कॉमर्स : टोटल स्टूडेंट - 25907

पास - 23235 (90.60%)

फर्स्ट डिविजन - 61%

आर्ट्स : टोटल स्टूडेंट - 2,44,000

पास - 2,06,685 (93.7%)

फर्स्ट डिविजन - 61%

**6 से 26 फरवरी तक चली थी 10वीं बोर्ड की परीक्षा**

बताते चलें कि जैक 12वीं बोर्ड की परीक्षा 6 फरवरी 2024 से 26 फरवरी 2024 तक दूसरी पाली में आयोजित की गयी थी। वहीं 27 फरवरी से 5 मार्च तक प्रैक्टिकल एग्जाम हुआ था। बोर्ड परीक्षा को लेकर कुल 740 परीक्षा केंद्र बनाये गये थे।

# ईडी ने आवाज बंद रखने की दी थी नसीहत जेल जाने के बाद भी बोलता रहूंगा : सुप्रियो

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** राज्य में एक साल से अधिक समय से ईडी की कार्रवाई चल रही है। राज्य के तत्कालीन सीएम हेमंत सोरेन पर जमीन घोटाले का आरोप है। जिसके बाद 31 जनवरी से जेल में बंद हैं, तो वहीं जेएमएम के नेता अंतु तिर्की को भी पूर्व सीएम से जुड़े जमीन मामले में ईडी ने गिरफ़्तार किया और रिमांड पर लेकर हुई पूछताछ में कई चौंकनेवाले नाम सामने आये हैं। जिसमें सबसे पहला नाम पार्टी के केंद्रीय महासचिव सह प्रवक्ता सुप्रियो भप्ताचार्य का आ रहा है। जिस पर सुप्रियो ने कहा कि मैंने कुछ दिन पहले ही इशारा किया था कि अब मैं टारगेट में हूं। मुझे कुछ दिन पहले ही ईडी के एक अधिकारी ने अपनी आवाज बंद रखने का निर्देश दिया था। मैं एक राजनीतिक व्यक्ति हूं और कई विषयों को लेकर कॉल आते हैं। जिसको लेकर मैं बात करता हूं। इसमें ट्रांस्फर के साथ कई अन्य कार्यों को लेकर होते है। जिस चैट को लेकर बात की जा रही है। क्या उस व्यक्ति का ट्रांसफर 2022 में उस पद पर हुआ।



## वायरल चैट की क्या है सत्यता : सुप्रियो

जो चैट वायरल किया जा रहा कोर्ट से बाहर कैसे आया। क्या वह प्रमाणित कॉपी है या सिर्फ मुझे बदनाम करने के लिए पब्लिक डोमेन में वायरल किया जा रहा है। बहुत होगा तो क्या होगा अपने नेता का साथ निभाने के लिए होटवार जेल में जाना होगा। अच्छा रहेगा, जेल जाने के बाद भी हमारी आवाज बंद नहीं होगी। जेल में रह कर प्रेस विज्ञप्ति लिखूंगा और जेल अधीक्षक की मुहर लगवा कर भेजता रहूंगा। पीएम के दौरे से पहले ही हमें ईडी बुलायेगी और मैं पूरी तैयारी से जाऊंगा।

## खूंटी सांसद अर्जुन मुंडा पर जेएमएम का आरोप, 1400 एकड़ खुंटकटी जमीन हड़पने की है तैयारी

> जनजातीय के संबंध में काम अर्जुन मुंडा ने कर लिया लेकिन आम लोगों का क्या हुआ। ऐसे लोगों के खिलाफ हमारी लड़ाई जारी है।

लोकसभा चुनाव में बयानबाजी का दौर जारी है। जेएमएम ने खूंटी सांसद सह केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा पर आदिवासियों की 1400 एकड़ जमीन हथियाने का आरोप लगाया है। जेएमएम के केंद्रीय महासचिव सह प्रवक्ता सुप्रियो भप्ताचार्य ने कहा कि खूंटी संसदीय क्षेत्र में जब चुनाव की घोषणा हुई तब बीजेपी के प्रदेश अध्यक्ष ने राजा पीटर से समर्थन मांगा। राजा पीटर हत्या के आरोप में सजायाफ्ता हैं। उसी मामले में कुंदन पहन भी सजायाफ्ता है। उनसे क्यों नहीं समर्थन मांगा जा रहा है। ऐसे लोग बीजेपी का चुनाव प्रचार कर रहे हैं। जनजातीय के संबंध में अपना काम अर्जुन मुंडा ने कर लिया लेकिन आम लोगों का क्या हुआ। ऐसे लोगों के खिलाफ हमारी लड़ाई जारी है। खूंटी साधारण इलाका नहीं है। बिरसा मुंडा की धरती है। 1400 एकड़ खुंटकटी नेचर की जमीन बीजेपी के नेताओं ने हथिया लिया है।

## खूंटी सांसद के संरक्षण में चल रहा जमीन का काला कारोबार : जेएमएम विधायक

विधायक विकास मुंडा ने कहा कि बीजेपी का दोहरा चरित्र सबके सामने आ गया है। खूंटी में चल रहे जमीन के कारोबार में पीछे से अर्जुन मुंडा का हाथ है। खूंटी के सांसद गांव-गांव नहीं जा सकते हैं। क्योंकि लोगों के प्रश्न तैयार हैं। जिसका जवाब अर्जुन मुंडा नहीं देख सकते हैं। इतनी बड़ी जमीन को हड़पने को तैयारी की जा रही है। जबकि खुंटकटी जमीन की बिक्री नहीं की जा सकती है।

# छठा चरण : अधिसूचना जारी होने के दूसरे दिन 12 अभ्यर्थियों ने खरीदा पर्चा, एक ने किया नामांकन

> रांची संसदीय क्षेत्र के लिए अब तक कुल 20 अभ्यर्थियों ने खरीदा नामांकन प्रपत्र

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** रांची संसदीय क्षेत्र के लिए अधिसूचना जारी होने के बाद अब तक कुल 20 अभ्यर्थियों ने नाम-निर्देशन पत्र खरीदे हैं। अधिसूचना जारी होने के दूसरे दिन दिनांक 30 अप्रैल 2024 को 12 अभ्यर्थियों ने नाम-निर्देशन पत्र खरीदे जबकि पहले दिन 08 अभ्यर्थियों ने नामांकन पर्चा खरीदा था। दूसरे दिन नाम-निर्देशन पत्र खरीदने वाले अभ्यर्थियों में कामेश्वर प्रसाद साव, निर्दलीय, अरशद अयूब, निर्दलीय, निपु सिंह, राष्ट्रीय जनसंघर्ष स्वराज पार्टी, प्रवीण कच्छप, संपूर्ण भारत क्रांति पार्टी, यशस्विनी सहाय कांग्रेस, प्रवीण चंद्र महतो, निर्दलीय, सोमा सिंह, जय महाभारत पार्टी, रंजना गिरि, रिपब्लिकन पार्टी ऑफ इंडिया (ए), बीरेन्द्र नाथ मांझी, अबुआ झारखण्ड पार्टी, देवेन्द्र नाथ महतो, निर्दलीय, कोलेश्वर महतो, निर्दलीय व विनोद उरांव, बहुजन मुक्ति पार्टी शामिल हैं।



**एक अभ्यर्थी ने दाखिल किया नामांकन** : मंगलवार को अम्बेडकराइट पार्टी ऑफ इंडिया के अभ्यर्थी रामहरि गोप ने नामांकन दाखिल किया। समाहरणालय स्थित निवार्ची पदाधिकारी के कार्यालय में अभ्यर्थी द्वारा नामांकन दाखिल किया गया। अब तक रांची संसदीय क्षेत्र से दो अभ्यर्थियों द्वारा नामांकन दाखिल किया गया है। पहले दिन एसयूसीआई के अभ्यर्थी मिंटू पासवान ने नामांकन किया था।

# मनरेगा : शत प्रतिशत आधार बेस्ड पेमेंट सिस्टम से भुगतान का निर्देश

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** ग्रामीण विकास सचिव के. श्रीनिवासन ने मनरेगा योजना में मजदूरों का शत-प्रतिशत आधार सीडिंग कराने का निर्देश सभी जिलों को दिया है। यह कहा कि मनरेगा में आधार बेस्ड पेमेंट सिस्टम एबीपीएस के अंतर्गत 100 फीसदी श्रमिकों को पंजीकृत किया जाना है लेकिन वर्तमान में यह आंकड़ा 88 फीसदी तक है। ऐसे में शेष पात्र श्रमिकों की सूची जिनका पंजीकरण तकनीकी कारणों से नहीं हो पा रहा है उसे यूआईडी एवं संबंधित बैंकों को साझा करें ताकि सभी श्रमिकों को प्रावधानुसार पंजीकृत किया जा सके। बता दें कि, मनरेगा में 99.63 प्रतिशत मजदूरों का आधार सीडिंग हो गया है। इनका आधार संख्या जॉब कार्ड से जोड़ दिया गया है। राज्य में मनरेगा से 4339548 वर्कर हैं जिनमें 4323348 वर्कर का आधार सीडिंग हुआ है। वहीं, इनमें करीब 37 लाख मजदूर आधार बेस्ड पेमेंट सिस्टम के लिए योग्य हैं केंद्र सरकार ने मजदूरों का आधार सीडिंग काम कराने को कहा है।

# आम चुनाव होकर भी देशवासियों के लिए बेहद खास है यह चुनावः डॉ राकेश किरण



## रांची लोकसभा चुनाव को लेकर इंडी गठबंधन की बैठक में बनी रणनीति

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** लोकसभा चुनाव के लिए इंडिया गठबंधन की बैठक झामुमो के रांची जिला अध्यक्ष मुस्ताक आलम एवं कांग्रेस के जिला अध्यक्ष डॉ राकेश किरण महतो की अध्यक्षता में संगम गार्डन में हुई। बैठक में रांची लोकसभा क्षेत्र के सभी प्रखंडों के अध्यक्ष एवं प्रभारी उपस्थित थे।

बैठक में पूर्व केंद्रीय मंत्री सुबोधकांत सहाय, झामुमो के केंद्रीय प्रवक्ता सुप्रियो भट्टाचार्य, रांची लोकसभा की प्रत्याशी सुश्री यशस्विनी सहाय, विधायक राजेश कच्छप, गौ सेवा आयोग के अध्यक्ष राजीव रंजन प्रसाद, महानगर कांग्रेस अध्यक्ष कुमार राजा, प्रदेश कांग्रेस के महासचिव अजय नाथ शाहदेव आदि उपस्थित थे।

मौके पर सुप्रियो भट्टाचार्य ने कहा कि यह चुनाव हमारे लिए महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि अपने-अपने गांव पंचायत पर ध्यान केंद्रित करें। उन्होंने कहा कि झामुमो के एक-एक कार्यकर्ता की पहचान उसके तीर धनुष से है। इसको बरकरार रखना है। रांची लोकसभा की कांग्रेस प्रत्याशी सुश्री यशस्विनी सहाय ने कहा कि कार्यकर्ता गठबंधन की रीढ़ हैं। यह चुनाव विचारधारा की की लड़ाई है, जिसे हमें मिलकर लड़ना है। यह चुनाव आप सबका है। खिजरी विधायक राजेश कच्छप ने कहा कि झारखंड की अस्मिता, देश का संविधान, आपसी समरसता और भाईचारा को कायम रखना है तो हमें इंडी गठबंधन को मजबूती प्रदान करनी होगी।

रांची जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष डॉ राकेश किरण महतो ने कहा कि यह चुनाव आम चुनाव होकर भी देशवासियों के लिए बेहद खास है। बैठक में राज्य गौ सेवा आयोग के अध्यक्ष राजीव रंजन प्रसाद, महानगर कांग्रेस अध्यक्ष कुमार राजा, अजय नाथ शाहदेव, सुरेश बैठा, झामुमो अल्पसंख्यक मोर्चा अध्यक्ष कुदुस अंसारी, बीरेंद्र गुप्ता, निशा भगत ने भी विचार रखे।

## सीसीएल में 43 कर्मियों को दी गयी विदाई

**रांची।** सीसीएल मुख्यालय, दरभंगा हाउस के विभिन्न विभागों से सेवानिवृत्त हो रहे तीन कर्मियों क्रमशः डॉ. छाया रानी, सीएमओ, गांधीनगर अस्पताल, अमर नाथ झा, वरीय पीए, ए-1, सीएमसी विभाग एवं सूरज महतो, हेड सिक्योरिटी गार्ड, सिक्योरिटी विभाग को सीसीएल की ओर से सम्मान-सह-विदाई समारोह का आयोजन कर मंगलवार को विदाई दी गई। इस अवसर पर महाप्रबंधक राजीव सिंह, सीएमएस, सीसीएल, डॉ. सुमन सिंह, मुख्य प्रबंधक, कल्याण विभाग, केया मुखर्जी सहित विभिन्न विभागों के विभागाध्यक्ष, महाप्रबंधक एवं सेवा निवृत्त कर्मियों के परिवार के सदस्य एवं अन्य गणमान्य उपस्थित थे। ज्ञात हो कि अप्रैल माह में सीसीएल मुख्यालय सहित पूरे सीसीएल से 43 कर्मी सेवानिवृत्त हुए। सीसीएल के सभी क्षेत्र में भी इस तरह का आयोजन कर विदाई दी गयी। समारोह में महाप्रबंधक राजीव सिंह सेवानिवृत्त हो रहे कर्मियों को सेवाकाल के सफल समापन पर बधाई देते हुए कहा कि आपके योगदान से कंपनी सफलता के मार्ग पर अग्रसर है। मौके पर सीएमएस, सीसीएल, डॉ. सुमन सिंह ने सेवानिवृत्त कर्मियों के स्वस्थ्य जीवन की कामना की। इस अवसर पर कर्मियों के कायार्नुभवों पर एक शॉर्ट फिल्म प्रदर्शित किया गया।

# यशस्विनी के सौम्य व सरल स्वभाव से प्रभावित हो रही रांची की जनता

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** रांची लोकसभा सीट से इंडिया गठबंधन की युवा प्रत्याशी यशस्विनी सहाय के सौम्य व सरल स्वभाव से रांची के लोग प्रभावित हो रहे हैं। वे रांची के प्रत्येक वर्ग के साथ मेलजोल कर संवाद स्थापित कर रही हैं साथ ही साथ लोगों से अपने पक्ष में वोट देने की अपील भी कर रही हैं। उनकी अपील में एक जोश और जुनून का समावेश है। वे बुद्धिजीवी वर्गों के साथ संवाद कर रही हैं, वहीं युवाओं एवं महिलाओं में आगे बढ़ने व बढ़ाने का जज्बा जगा रही हैं। पिता से राजनीतिक विरासत मिलने के कारण वह सामाजिक क्षेत्र में किसी परिचय की मोहताज नहीं हैं। राजनीति की पहिया को कैसे घुमाना है, इससे वे अनभिज्ञ भी नहीं हैं। झारखंड की राजधानी रांची के सियासी गलियारों में यशस्विनी सहाय आते ही छा गई हैं। पोस्को एक्ट की जानकारी रखने वाली विधि की छात्रा रही यशस्विनी युवाओं के लिए अवसर के द्वार खोलना चाहती हैं। अपनी सांस्कृतिक विरासत की मूल्य को स्थापित करना चाहती हैं।



## गांडेय सीट पर राष्ट्रीय समानता दल से ताहिर अंसारी होंगे प्रत्याशी

**रांची।** राष्ट्रीय समानता दल ने गांडेय विधानसभा उपचुनाव में अपना प्रत्याशी ताहिर अंसारी को उतारा है। हरमू स्थित राष्ट्रीय समानता दल के प्रदेश मुख्यालय में मिलन समारोह का आयोजन किया गया था। इसमें आजसू नेता ताहिर अंसारी और भाजपा नेता मो इलियास ने अपने समर्थकों के साथ रासद का दामन थामा। दल के प्रदेश अध्यक्ष कुमुद कुशवाहा, प्रदेश महासचिव अशोक कुमार मेहता, राष्ट्रीय प्रवक्ता राजेंद्र यादव ने दल में शामिल नये सदस्यों का माला पहनाकर स्वागत किया। बताया गया कि मो इलियास को गिरिडीह से रासद का जिलाध्यक्ष मनोनीत किया गया है।

# प्रोफेशनल कांग्रेस के सदस्य इंडी गठबंधन के प्रत्याशियों को जीत दिलाने में अहम भूमिका निभाएं: आदित्य विक्रम

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय में लोकसभा चुनाव के निमित मंगलवार को कांग्रेस सहित इंडी गठबंधन के सभी प्रत्याशियों की जीत सुनिश्चित करने के लिए वॉर रूम सदस्यों की बैठक हुई। बैठक में ऑल इंडिया प्रोफेशनल्स कांग्रेस के वॉर रूम के बेहतर संचालन से संबंधित चर्चा कर सभी लोकसभा क्षेत्र के प्रोफेशनल्स कांग्रेस सदस्यों को जिम्मेवारी सौंपी गई। बैठक में कहा गया कि सभी सदस्य कांग्रेस के मैनिफेस्टो को लेकर लोगों को इसके बारे में समझाएं। इस अवसर आदित्य विक्रम जयसवाल, मीनाक्षी सिंह, भुवनेश ठाकुर, ऐलन एंड्रयू, सर्वर पॉल, डॉक्टर रीमा खलखो, आसिफ ज़ियाउल, कृष्णा सहाय, संजीव महतो, अनिल सिंह उपस्थित थे। आदित्य विक्रम जयसवाल ने कहा कि प्रोफेशनल्स कांग्रेस के सदस्य सभी लोकसभा क्षेत्र में काफी सक्रिय हैं। कांग्रेस पार्टी के पांच न्याय और 25 गारंटी कार्ड को हर गली-मुहल्ला पंचायत एवं घर-घर में वितरण कर कांग्रेस उम्मीदवार की जीत सुनिश्चित करने की दिशा में अपनी महत्वपूर्ण योगदान देंगे।

## मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने खूंटी के विभिन्न मतदान केन्द्रों का किया निरीक्षण

# खराब प्रदर्शन व कार्य में लापरवाही बरतने वाले होंगे इंसेंटिव से वंचित : के. रवि कुमार

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** राज्य के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के. रवि कुमार ने मंगलवार को खूंटी जिले में निर्वाचन की तैयारी सहित विभिन्न मतदान केन्द्रों एवं घर-घर वोटर इन्फॉर्मेशन स्लिप वितरण की प्रगति का जायजा लिया। उन्होंने चुनाव को लेकर बीएलओ द्वारा अब तक संपन्न एवं किये जा रहे कार्यो की जानकारी ली। उन्होंने कहा कि इस बार लोकसभा निर्वाचन में कार्यरत बीएलओ को इंसेंटिव का प्रावधान है लेकिन, खराब प्रदर्शन अथवा कार्य में लापरवाही बरतने वाले बीएलओ को इंसेंटिव से वंचित रखा जाएगा। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने खूंटी के पिपरा टोली बेलाहाथी रोड जाकर मतदाताओं से बीएलओ द्वारा वोटर इन्फॉर्मेशन स्लिप के वितरण की जानकारी ली। साथ ही प्रपत्रों का अवलोकन किया।



**3 मई तक वोटरों के बीच बांट दें वोटर इन्फॉर्मेशन स्लिप :** सीईओ ने खूंटी जिले के शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र, कर्रा रोड स्थित मतदान केंद्रों पर बीएलओ से मुलाकात की एवं लोकसभा निर्वाचन से संबंधित कार्यों के अद्यतन स्थिति से अवगत हुए। इउन्होंने 3 मई तक सभी मतदाताओं के बीच वोटर इन्फॉर्मेशन स्लिप वितरण पूर्ण करने का निर्देश दिया। साथ ही बीएलओ, सुपरवाइजर एवं वरीय पदाधिकारियों को निर्वाचन कार्य में गति लाने को कहा।

**कालामाटी चेकपोस्ट का किया औचक निरीक्षण :** मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने खूंटी के कालामाटी चेकपोस्ट का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने चेकपोस्ट पर तैनात जवानों एवं दंडाधिकारी की शिथिलता पर नाराजगी जताते हुए वाहनों के आवागमन पर पैनी नजर रखने, वाहनों की सघन जांच करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि वाहन चेकिंग में किसी प्रकार की लापरवाही बर्दास्त नहीं की जाएगी।

# सभी बैंकों को खास निर्देश- संदिग्ध निकासी और जमा पर रखें निगरानी

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** राज्य अतिथिशाला सभागार में व्यय पर्यवेक्षक वीरेंद्र कुमार सिंह ने मंगलवार को जिले एनफोर्समेंट एजेंसीज के नोडल पदाधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की। बैठक में एजेंसियों को समन्वय के साथ चुनाव आयोग के दिशा-निर्देश के आलोक में सक्रिय रहते हुए कार्य करने को लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये।

बैठक में व्यय अनुश्रवण कोषांग प्रभारी सज्जन पांडेय, व्यय अनुश्रवण कोषांग के पदाधिकारी भी उपस्थित थे। व्यय पर्यवेक्षक वीरेंद्र कुमार सिंह ने नोडल पदाधिकारियों से अबतक तक की गई कार्रवाइयों एवं आगामी कार्य योजना की जानकारी प्राप्त की। व्यय की गणना को लेकर निर्गत दिशा-निर्देशों का कड़ाई से पालन करने को कहा।



**व्यय पर्यवेक्षक द्वारा सभी पदाधिकारियों को निर्देश** : आईटी एवं पुलिस के नोडल पदाधिकारी को जिले में कैश मूवमेंट पर कड़ाई से नजर रखने का निर्देश दिया गया। उन्होंने कहा कि किसी भी ऐसी गतिविधि जिसमें ऐसे लेन-देन शामिल हों जिससे मतदाता को प्रभावित किया जा सके ऐसे मामलों में नियमानुसार त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित करते हुए चुनाव आयोग को अविलंब रिपोर्ट प्रेषित किया जाये।

## खबर एक नजर में

### संजय सेठ कल करेंगे नामांकन

> उत्तराखंड के सीएम पुष्कर सिंह धामी सहित बाबूलाल मरांडी, सुदेश महतो भी होंगे साथ

**रांची।** भाजपा प्रत्याशी संजय सेठ 2 मई को रांची लोकसभा सीट के लिए अपना नामांकन करेंगे। इस कार्यक्रम में उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी, भाजपा के प्रदेश के अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी, आजसू पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष सुदेश महतो, जनता दल यूनाइटेड के प्रदेश अध्यक्ष खीरू महतो सहित कई सांसद, विधायक एवं प्रदेश के सभी पदाधिकारी भी विशेष रूप से उपस्थित रहेंगे। नामांकन के पूर्व 10.30 बजे एक जनसभा आयोजित होगी। इसमें 6 विधानसभा के लगभग 50 हजार कार्यकर्ता शामिल होंगे। मोराबादी मैदान से दिन के 12 बजे उपायुक्त कार्यालय की ओर संजय सेठ नामांकन के लिए प्रस्थान करेंगे।

### सीएमपीडीआई के मुख्य प्रबंधक पीके बिशोई हुए सेवानिवृत

**रांची।** सीएमपीडीआई के मुख्य प्रबंधक (सिस्टम) पीके बिशोई के सेवानिवृत्ति के अवसर पर मंगलवार को संस्थान के कांफ्रेंस हॉल में एक विदाई-सह-सम्मान समारोह का आयोजन कर विदाई दी गयी। मौके पर सीएमपीडीआई के निदेशक शंकर नागाचारी, अजय कुमार एवं अच्युत घटक ने सेवानिवृत्त हो रहे श्री बिशोई को पौधा, मान-पत्र, प्रतीक चिह्न व शॉल देकर कम्पनी की ओर से सम्मानित किया और उनके कार्यों एवं योगदान की प्रशंसा की तथा उनके उज्जवल भविष्य, उत्तम स्वास्थ्य, सुखी एवं दीघार्यु जीवन की कामना की।

### राकेश और महावीर पर आरोप गठन शीघ्र

**रांची।** मनी लाउंड्रिंग के आरोपी कारोबारी राकेश कुमार सिंघानिया एवं महावीर प्रसाद रूगंटा की मुश्किलें बढ़ गई हैं। दोनों पर जल्द ही आरोप गठन किया जायेगा। ईडी के विशेष न्यायाधीश राजीव रंजन की अदालत ने दोनों आरोपियों की डिस्चार्ज अर्जी खारिज कर दी है। अदालत ने दोनों की डिस्चार्ज अर्जी पर 12 अप्रैल को सुनवाई के बाद आदेश सुरक्षित रख लिया था। दोनों पर 4.33 करोड़ रुपये की मनी लाउंड्रिंग करने का आरोप है। मामले में आरोप गठन के बिंदु पर सुनवाई के लिए 7 मई की तारीख निर्धारित की गई है। उस दिनों को व्यक्तिगत रूप से कोर्ट में मौजूद रहने का निर्देश दिया गया है। दोनों पर लौह अयस्क की तस्करी के लिए फर्जी चालान पर ट्रांसपोर्टेशन कर अवैध कमाई कर मनी लाउंड्रिंग करने का आरोप है।

### हथियार स्टॉकिस्ट समेत दो गिरफ्तार

**रांची।** राज्य में संगठित अपराध पर नकेल कसने को लेकर झारखंड एटीएस की टीम लगातार कार्रवाई कर रही है। इसी क्रम में झारखंड एटीएस की टीम को बड़ी सफलता कुख्यात अमन साहू गैंग के खिलाफ मिली। गिरोह का हथियार स्टॉकिस्ट मनिंदर कुमार उर्फ मिलावट को एटीएस की टीम ने पकड़ा। वहीं, मनिंदर के अलावा राजा अंसारी को भी पकड़ा है। उक्त जानकारी एटीएस एसपी ऋषव झा ने प्रेसवार्ता में दी। उन्होंने कहा कि झारखंड एटीएस की टीम ने गुप्त सूचना पर कार्रवाई की। दोनों को एटीएस की टीम ने रामगढ़ से पकड़ा है। इनलोगों के पास से हथियार और गोली जब्त किया है।

### 3 मई से डीसी कोर्ट में सुनवाई का समय बदलेगा

**रांची।** रांची डीसी कोर्ट में होने वाली सुनवाई के समय में कुछ दिनों के लिए बदलाव किया गया है। आगामी 3 मई से 15 मई तक डीसी कोर्ट में सुबह 10 बजे से ही सुनवाई होगी। लोकसभा चुनाव के नामांकन को लेकर यह बदलाव किया गया है। कोर्ट के समय में बदलाव की जानकारी रांची जिला बार एसोसिएशन के अध्यक्ष और महासचिव को दी गयी है। बता दें कि रांची डीसी सह जिला निर्वाचन पदाधिकारी राहुल कुमार सिन्हा सुबह 11 बजे से लोकसभा चुनाव के कार्यों में व्यस्त हैं। जिसकी वजह से डीसी कोर्ट में सुनवाई का समय बदल दिया गया है।

### फुरकान अंसारी बनाये गये बिहार का ऑब्जर्वर

**रांची।** पूर्व सांसद और विधायक इरफान अंसारी के पिता फुरकान अंसारी को बिहार का ऑब्जर्वर बनाया गया है। इस संबंध में मंगलवार को ऑल इंडिया कांग्रेस कमिटी की ओर से लेटर जारी कर दिया गया है। पार्टी के महासचिव केसी वेणुगोपाल के मुताबिक, कांग्रेस प्रेसिडेंट ने वर्तमान में जारी लोकसभा चुनाव के मद्देनजर फुरकान को पार्टी की ओर से बिहार का ऑब्जर्वर बनाने की स्वीकृत दी है।

### हटिया कामगार यूनियन एटक मनायेगा मई दिवस

**रांची।** हटिया कामगार यूनियन एटक की ओर से बुधवार को संगठन के कार्यालय परिसर में शाम पांच बजे से मई दिवस कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। समारोह में भेल प्रबंधन द्वारा एचईसी के कई नियमों में किए जाने वाले बदलाव को लेकर चर्चा होगी। संगठन के लालदेव सिंह ने बताया कि बदलाव से होने वाले प्रभाव को लेकर मजदूर आंदोलन की रुपरेखा तय की जाएगी। मौके पर दिनेश सिंह को उनकी सेवानिवृत्ति पर विदाई दी जाएगी।

### मनोज केशरी हत्याकांड का आरोपी बरी

**रांची।** 26 साल पुराने मनोज केसरी चर्चित हत्याकांड का मुख्य आरोपी सुरेश सिंह पर्याप्त साक्ष्य के अभाव में बरी हो गया है। यह फैसला मंगलवार को अपर न्यायायुक्त एमसी झा की अदालत ने सुनाई है। मामले में सुनवाई के दौरान अभियोजन पक्ष की ओर से पांच गवाहों को प्रस्तुत किया गया था, लेकिन हत्या किसने की इसको साबित नहीं किया जा सका।

### पत्नी हंता को उम्रकैद की सजा

**रांची।** प्रेम प्रसंग में रोड़ा बन रही पत्नी की हत्या करने के मामले के दोषी अभियुक्त पति ललित सिंह पूर्ति को अपर न्यायायुक्त एमसी झा की अदालत ने मंगलवार को उम्र कैद की सजा सुनाई। साथ ही 10 हजार रुपए का जुर्माना भी लगाया है। अभियुक्त पर अपनी पत्नी की हत्या करने का आरोप है। घटना का अंजाम 7 मार्च 2019 को दी गई थी। मामले को लेकर गोंदा थाना में अभियुक्त के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गई थी।

### हत्या के मामले में दोषी करार

**रांची।** दोस्त की हत्या करने के आरोप में सिल्ली के लुपूंग गांव निवासी सूरज लाहा को अपर न्यायायुक्त विशाल श्रीवास्तव की अदालत ने दोषी करार दिया है। साथ ही उसकी सजा के बिंदु पर सुनवाई के लिये चार मई की तारीख निर्धारित की है। अभियुक्त सूरज पर होली के मौके पर डांस को लेकर हुई विवाद में प्रकाश नायक की चाकू से वार कर हत्या कर देने का आरोप है। घटना को अंजाम 21 मार्च 2019 को सिल्ली के मेन रोड स्थित तपाड़िया क्लोथ स्टोर में दिया गया था।

### दोस्त के हत्यारे को उम्रकैद की सजा सुनायी

**रांची।** चिल्ड्रेन कोर्ट के विशेष न्यायाधीश आसिफ इकबाल ने मंगलवार को नाबालिग दोस्त की हत्या के जुर्म में दोषी 20 वर्षीय युवक आशीष टोप्पो को उम्र कैद की सजा सुनाई है। साथ ही उस पर 10 हजार रुपये का जुर्माना लगाया गया है। अदालत ने हत्या मामले में उसे 23 अप्रैल को दोषी करार दिया था। घटना के समय आरोपी की उम्र 18 साल से कम थी। जिसके कारण मामले की सुनवाई स्पेशल चिल्ड्रेन कोर्ट में हुई। हत्या की घटना को लेकर लालपुर थाने में आरोपी के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गई थी।

### जर्नी ऑफ पारस ने गिनाये पारस हॉस्पिटल की उपलब्धियां

**रांची।** एचइसी स्थित पारस हॉस्पिटल की ओर से मंगलवार को दूसरी वर्षगांठ के मौके पर एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जर्नी ऑफ पारस शीर्षक से एक विशेष रूप से तैयार किये गये वीडियो में हॉस्पिटल के उल्लेखनीय विकास, मील के पत्थर और समुदाय पर इसके प्रभाव की एक झलक को दिखाया गया। हॉस्पिटल के मुख्य परिचालन अधिकारी, वित्त निदेशक और निदेशकों सहित अन्य लोगों ने पारस अस्पताल की यात्रा, उपलब्धियों पर विचार रखे। कार्यक्रम में पारस हॉस्पिटल में समर्पण और कड़ी मेहनत करने वाले सभी डॉक्टरों और स्टाफ सदस्यों को असाधारण सेवा के लिए उनकी निरंतर प्रतिबद्धता को मान्यता देते हुए मोमेंटो वितरित किए गए। निदेशक डॉ नितेश कुमार ने बताया कि पारस हॉस्पिटल ने सफलता के दो साल पूरे कर लिये हैं।

